सार-समाचार

## मोबाइल चुराने का फरार आरोपी पकड़ा



**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के सामान्य चिकित्सालय में एक भर्ती रोगी का मोबाईल चुराने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। शहर कोतवाल भगवानलाल ने बताया कि 29 जुलाई को पंकज पुत्र रमेश चन्द्र खराडी निवासी गौरादा थाना चौरासी ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी कि उसकी पत्नी की डिलेवरी के दौरान उसके पलंग से रात्रि को अज्ञात बदमाशान मोबाइल चुरा कर फरार हो गया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर प्रार्थी द्वारा ईएमआई नम्बर एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर जांच प्रारंभ की। इस संबंध में सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था जब कि तीसरा आरोपी अविनाश पुत्र विटठल रोत निवासी भण्डारिया जिसके उपर 3 हजार का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उक्त आरोपी के खिलाफ चोरी व लूट के तीन मामले पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन है। उल्लेखनीय है कि शहर के कई इलाको से आये दिन मोबाईल चोरी की वारदाते आम बात हो गई है। और इस संबंध में साईबर सेल की मदद से पुलिस ने काफी मोबाईल बरामद कर उनके मालिको को पहुंचाये भी है।

## आत्महत्या के मामले में पति को जेल

**कपासन,** (निसं)। दहेज की प्रताड़ना के मामले में पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी को दोषी मानते हुए एडीजे कोर्ट ने 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मामला 9 साल पहले का है। मामले के अनुसार 3 नवंबर 2015 को गांव धमाना निवासी नाजनीन बानो पत्नी नदिम उर्फ बाबू खां ने घर पर फंदे में लटक कर आत्महत्या कर ली थी। जिस पर उसके पिता गांव कुराबड़ (उदयपुर) निवासी फय्याज मोहम्मद पुत्र फतेह मोहमद ने कपासन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें बताया गया कि उसकी बेटी नाज़नीन की शादी नदीम उर्फ बाबू खां के साथ 5 साल पहले करवाई थी। शादी के बाद से उसका पति उसे दहेज के लिए लड़ाई झगड़ा कर प्रताड़ित करता था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। एक दिन उसकी बेटी ने बताया कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। इसके बाद उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली। जिस पर वे कपासन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस ने जांच कर आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडीजे डॉ महेंद्र सोलंकी ने नदीम उर्फ बाबू खां पुत्र हामिद को दोषी पाया और उसे पांच साल का कठोर कारावास की सजा के साथ 25 हजार के अर्थ दंड की सजा सुनाई। इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 20 गवाह ओर 17 दस्तावेज पेश किया गया था।

## पहला मैच करुणेश एकादश ने जीता

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला क्रिकेट संघ की ओर से शनिवार से चैलेंजर ट्राफी के मैच शुरू हो गए। पहले मैच में करुणेश एकादश ने राजसिंह एकादश को हराया। चैलेंजर ट्रॉफी में बेस्ट परफॉर्मेंस वाले खिलाडियों का सलेक्शन स्टेट लेवल कॉल्विन शील्ड टूर्नामेंट के लिए होगा। जिला क्रिकेट संघ के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर सीनियर कॉल्विन शील्ड टूर्नामेंट आयोजित होने वाले है। इसके लिए डूंगरपुर जिला स्तर पर खिलाडियों का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। चयन ट्रायल में चयनित खिलाडियों की 4 टीमें बनाकर चैलेंजर ट्रॉफी खेली जा रही है। उन्होंने बताया की पहला मैच करुणेश जोशी एकादश व राजसिंह एकादश के बीच खेला गया। राजसिंह एकादश ने पहले खेलते हुए के सोहेल मामा के 49 रन कि बदौलत टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 89 रन पर आउट हो गई। करुणेश जोशी एकादश कि ओर से आवेश खान 5 व गोविंद ने 3, सुनील नाई ने 2 विकेट लिए। इसके जवाब में करुणेश जोशी एकादश टीम की ओर अमनसिंह शेखावत ने 34 व मौलिक पाटीदार के 21 रन की बदौलत करुणेश जोशी एकादश मैच को आसानी से जीत लिया। राजसिंह एकादश की ओर से युवराज सिंह ने 2 विकेट लिए। मैच के दौरान जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**कपासन,** (निसं)। नगर पालिका कपासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान रहा जारी। अधिशाषी अधिकारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि नगर पालिका मण्डल कपासन की साधारण सभा की बैठक में 12 अगस्त 2024 में लिये गये निर्णय की पालना में पालिकाध्यक्ष मंजुदेवी सोनी के निर्देशानुसार पालिका की भूमि/भूखण्डों पर किये गये अवैध कब्जे व अतिक्रमण को हटाने का अभियान शुरू किया।अभियान के शुरूआत में गुरूवार को नन्दवाना कॉलोनी में पालिका के कुल दो भूखण्डों एवं शुक्रवार को कुल चार भूखण्डों से अस्थाई अतिक्रमण/ कब्जा हटवाया गया। उक्त भूखण्डों को पालिका द्वारा निलामी के द्वारा विक्रय किये जायेंगे। यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। जिसमें पालिका की भूमि/भूखण्डों से अवैध कब्ज/अतिक्रमण हटवाये जायेंगे।

# बहिन ने प्रेमी के संग मिलकर की भाई की हत्या, दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं) जब रिश्ते ही अपनो से पराये हो जाये तो ओरों का क्या कहना, कुछ यही कहावत बिछीवाडा थानान्तर्गत तलैया फला दरिया पाडा में सामने आई। जहां पर एक बहिन ने अपने प्रेमी के संग मिलकर अपने ही भाई की हत्या कर दी।

घटना के अनुसार 27 अगस्त को तलैया फला दरिया पाडा निवासी महेन्द्र पुत्र कावजी गमेती ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमे बताया कि उसके पिता कावजी पुत्र सोमा गमेती 26 अगस्त की रात को खाना खाकर रोड पर बने दूसरे मकान में सोने चले गये। दूसरे दिन जब

- **बिछीवाड़ा के तलैया फला दरिया पाडा का मामला**



बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उसके घर नहीं आये तो उसके भाणेज जयेश अहारी को देखने भेजा। वहां पर उसने देखा कि किवाड़ खुला हुआ था और घर में कोई नहीं था जिस पर प्रार्थी व उसकी मॉ दोनो ही मौके पर गये। तो घर में सारा सामान जला हुआ था और कावजी की लाश जली पड़ी हुई थी। जैसे यह दृष्य देखा तो उन्होने आवाज लगाकर परिजनों को बुलाया और घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी थी। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने एक विशेष टीम का गठन किया तथा तकनीकी रूप से इस पूरे प्रकरण की जांच करवाने के साथ साथ मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। एफएसएल मोबाईल टीम एवं महत्व साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने लक्ष्मण पुत्र नाना गमेती निवासी तलैया फला दरापाडा व मृतक की पुत्री निर्मला उर्फ मंजूला पत्नी देवीलाल अंसारी निवासी पुनरावाडा से पूछताछ की तो यह बात सामने आई कि निर्मला के उसके पीहर के परिवार में ही लक्ष्मण के साथ अवैध संबंध थे। जिसको लेकर उसके पति देवीलाल ने कावजी व उसके परिवार जनों को अवगत भी कराया था। और इस बात को लेकर जब निर्मला को परिवार जनों ने फटकार लगाते हुए उसके साथ संबंध नहीं रखने के लिए ताकित किया था। इसी बात से निर्मला व उसका प्रेमी लक्ष्मण ने कावजी को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। और फिर उन्होने अपने एक ओर अन्य साथी के साथ मिलकर जैसे ही 26 अगस्त की रात्रि को कावजी घर में सोने गया। ओर आधी रात को मकान के अन्दर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे कावजी की जलने से मौत हो गई। पुलिस ने निर्मला व लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया है और इसमे सम्मिलित एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## बनास में पानी का वेग बढ़ा

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे के समीप स्थित बनास नदी में शनिवार को पानी का वेग बढ गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नंदसमंद बांध के ओवरफ्लो होने के कारण बनास नदी में पानी का वेग बढने के बाद ग्रामीणों की भीड देखने के लिए एकत्रित हो गई। वहीं दिन भर ग्रामीणों की नदी को देखने के लिए ताता लगा रहा।

## ‘देशभक्ति व संस्कार जीवन का आधार’

**बांसवाड़ा,** (निसं)। देशभक्ति और संस्कारों का बीजारोपण ही हमारे जीवन का आधार है इसी से हम अपनी संस्कृति को संरक्षित रख सकते हैं। उक्त उद्गार योग प्रशिक्षिका एवं भारत विकास परिषद् माही शाखा की सचिव भुवनेश्वरी मालोत ने राजकीय विद्यालय पाडीखुर्द में भाविप माही शाखा की ओर से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में व्यक्त किये।

उन्होंने बताया कि भाविप राष्ट्कीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिये कार्य करने वाली राष्ट्रवादी संस्थान है जो राष्ट्र भक्ति और संस्कारों के बीजारोपण के लिये प्रतिबद्ध है। संरक्षक विनोद शाह ने परिषद् द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में अच्छे संस्कार एवं देशभक्ति की भावना जागृत होती है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक सुबोध मालोत, कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व संस्था प्रधान प्रभात शाह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में रमणलाल डामोर, प्रियंका अधिकारी, शैली नागर, कोलिन उपाध्याय, लोकेश पटेल आदि ने सहयोग प्रदान किया। आभार रविन्द्र पटेल ने माना। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के श्रेष्ठ शिक्षकों का दुपट्टा औढाकर वंदन किया गया।

# ‘अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी’

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला मुख्यालय अंग्रेजी माध्यम में स्थापित पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खान्दू कॉलोनी के छात्रों द्वारा स्टेम लर्निंग एवं ब्रिलियों के तत्वावधान में बैंगलोर में आयोजित राष्ट्रीय स्टेम कार्यक्रम में भाग लेकर लौटी बाल प्रतिभाओं एवं प्रभारी का दायित्व निर्वहन करने वाले अध्यापक का सम्मान किया गया।

वरिष्ठ अध्यापक मुकेश यादव एवं प्रतिभागी छात्रों ने अनुभव साझा करते हुए राष्ट्कृ स्तरीय प्रतियोगिता के रोमांच एवं सृजन की उपलब्धियों से अवगत कराया। बैंगलोर तक की हवाई यात्रा कर लौटे छात्रों ने हवाई यात्रा के भी संस्मरण सुनाये प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कक्षा नवमी के समर्थ त्रिवेदी एवं अभिषेक सिंह, छात्र के अभिभावक रामप्रकाश सिंह तथा प्रभारी शिक्षक वरिष्ठ अध्यापक मुकेश यादव का पगडी पहनाकर सम्मान किया गया। इस दल ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार एवं शिक्षामंत्री मधु बेगरप्पा से की गयी भेंट एवं विधानसभा भवन की स्मृतियों को भी साझा किया। इस अवसर पर प्रभारी शिक्षक मुकेश यादव ने छात्रों द्वारा टेक इंजीनियरिंग एवं टिंकरिंग में किये गये प्रदर्शन को सराहते हुए कहा कि अन्य प्रदेशों से आये छात्रों में कोडिंग की गतिविधि की उपलब्धि होने से उन्हें अव्वल स्थान मिला जबकि विद्यालय के छात्रों की टिंकरिंग सर्वश्रेष्ठ रही। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षों में टिंकरिंग के साथ-साथ कोडिंग जैसी खामियों को दूर कर राष्ट्र स्तर पर परचम फहराया जायेगा। प्रधानाचार्य माया सेमसन ने इस दल का पगडी पहनाकर स्वागत किया। इधर खेल सप्ताह के अंतिम दिन खेल दिवस समारोह जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईडा के मुख्य आतिथ्य, प्रधानाचार्य माया सेमसन की अध्यक्षता, राष्ट्रीय एथलिट विरेन्द्र सिंह तथा योग प्रशिक्षिका एवं बालिका बचाओ बालिका पढाओ अभियान की ब्रांड एंबेसेडर मिलन शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। खेल अधिकारी मईडा ने सर्वांगीण विकास के लिये खेल को अपनी दिनचर्या का माध्यम बनाने तथा स्टेमिना पावर एवं फ्लेक्सीबिलिटी पर विशेष ध्यान देते हुए शरीर को खेलों के लिये तैयार करने की जरुरत बताई। राष्ट्कीय एथलिट प्रतियोगिता में अपना परचम फहरा चुके खिलाडी विरेन्द्र सिंह ने अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया वहीं योग प्रशिक्षिका मिलन शर्मा ने खेलों में अच्छे प्रदर्शन के लिये अनुशासन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सफलता की प्रथम सीढी अनुशासन ही होती है। प्रारंभ में प्रधानाचार्य माया सेमसन ने विद्यालय की खेल गतिविधियों की जानकारी दी।



बैंगलोर में आयोजित राष्ट्रीय स्टेम कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे दल का स्वागत करते पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खान्दू कॉलोनी परिवार।

सार-समाचार

## सज्जनगढ़ में अतिक्रमण हटवाये



**बांसवाड़ा,** (निसं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने सज्जनगढ़ में अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की। सार्वजनिक स्थानों पर हुए अवैध अतिक्रमणको हटाकर जनसाधारण को सुविधा एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्यवाही की गयी। इस दौरान डॉ. पवन ने स्थानीय लोगों को जागरूक रहने की अपील की वहीं अतिक्रमियों को चेतावनी दी कि भविष्य में वे ऐसी अवैध गतिविधियों से बचें। उन्होंने साफ कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी ऐसी कार्यवाही की जायेगी और अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यवाही में उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा, तहसीलदार परमजीत सिंह भाटी, विकास अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस बल, राजस्व मय पंचायतीराज की टीम शामिल रही।

## मूकबधिर विद्यालय में भेंट की एलईडी

**बांसवाडा,** (निसं)।शौर्य फाउंडेशन की ओर से राजकीय बधिर माध्यमिक विद्यालय लोधा में 50 इंच की एलईडी भेंट की गयी। फाउंडेशन के प्रोजेक्ट निदेशक दिलीप कुमार दवे के निर्देशन, जिला परियोजना समन्वयक जीगर भट्ट, किशोर पाटीदार, सुखलाल रावत, प्रेरक शेलैष भट्ट कोकापुर व खुशवंत पाटीदार ने डिजिटल शिक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से यह एलईडी भेंट की। दवे ने बताया कि शौर्य फाउंडेशन क्वालिटी एजुकेशन परियोजना के आधार स्तम्भ की बुनियाद सृजन के लिये राज्य के आदिवासी बाहुल्य जनजाति उपयोजना क्षेत्र में शिक्षा विभाग, शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिये प्रयासरत है। जिले के अन्य प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं समाज कल्याण विभाग के छात्राओं को चिह्नित कर इस योजना से जोडकर रंगरोगन, पेपरलेस, स्वच्छता पर बल देते हुए क्वालिटी इंफ्रुवमेंट से जोडेगा। इस अवसर पर संस्था प्रधान विनय व्यास, परेश त्रिवेदी, जयप्रकाश पाठक, रंजना यादव, ममता सौलंकी, अशोक मेहता, वार्डन भवान सिंह एवं प्रियंका डामोर मौजूद रहे।

## संरपच संघ ने सौंपा ज्ञापन

**कपासन** (निसं)। संरपच संघ ने शुक्रवार को सरपंचों का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन विधायक अर्जुनलाल जीनगर को सौंपा। स्थानीय ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने बताया कि राशमी, भुपालसागर और भदेसर पंचायत समिति क्षेत्र के सरपंचों ने विधायक अर्जुनलाल जीनगर के आवास पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में संरपचों का कार्यकाल साल 2020 में शुरू हुआ था। साल 2020-2021 में कोविड जैसी महामारी के आने से दो वर्ष तक कोरोनाकाल की गाईडलाईन और महामारी में समय निकल गया। जिससे सभी पंचायतों में विकास कार्य नही हो सकें। वर्तमान में राज्य सरकार के द्वारा घोषणा की गई की एक राज्य एक चुनाव के अंतर्गत नगरपालिका, जिला परिषद, पंचायत समिति और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि सरपंचों का कार्यकाल एक साल बढ़ाया जाए।

## बैठक व शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**राजसमंद,**(निसं)। राष्ट्रीय नाई महासभा का आयोजित शपथ ग्रहण समारोह व बैठक नगर परिषद सभागार में शनिवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रधान महासचिव रोहिताश सेन, विशिष्ठ अतिथि फरारा मंडल अध्यक्ष सम्पतलाल सेन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सेन, प्रदेश महासचिव राकेश वर्मा, प्रहलाद सेन, प्रदेश सचिव हुक्मीचंद सेन, केकडी जिलाध्यक्ष बद्री विशाल सेन थे। जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बाबू लाल सेन भावा ने की। शुरूआत में सेनजी महाराज की छवी पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पदाधिकारियों ने इकलई व साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता रोहिताश ने महासभा के विगत वर्षों से किए जा रहें सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए दी व सेन समाज मे शिक्षा को बढावा देने, सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का आव्हान किया।

## शिक्षक संघ की बैठक आज

**बांसवाडा,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक राउमावि नूतन मोहन कॉलोनी परिसर में प्रदेश द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी व प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिन चौबीसा के सानिध्य में होगी। बैठक में जिले के प्रदेश, जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिला संगठन मंत्री, समस्त उपशाखाध्यक्ष व मंत्री, कोषाध्यक्ष, संयोजक एवं सहसंयोजक सहित वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित रहेंगे। जिला संयोजक दिनेश मईडा ने बताया कि बैठक में उपशाखा निर्वाचन, जयदेव पाठक जन्म शताब्दी कार्ययोजना, उपशाखा अंकेक्षण, सदस्यता अभियान, शिक्षकों की समस्याओं पर मंथन एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही संगठन को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रमोट करने एवं अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के साथ फोल्डर संवाद कार्यक्रम की समीक्षा कर मंथन किया जायेगा।

# आठ दिवसीय पर्युषण पर्व शुरू

**डूंगरपुर,** (निसं)। चार्तुमास के चार माहों में पर्युषण पर्व का महत्व सबसे अधिक है क्यों कि इसके माध्यम से मनुष्य अपने कर्मो की निर्जला करता है और जाने अनजाने में हुए पापों को प्राश्चित करता है।

यह बात नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में चार्तुमास विराजित मुनि रत्नसागर जी एवं पवित्र रत्नसागर जी ने व्याख्यान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हम लाख दान पुण्य कर लें, लेकिन जब तक साधर्मिक का हित साधने की मन में भावना जाग्रत नहीं करेंगे तब

- **मन के भावों में निर्मलता आये यही पर्युषण पर्व का सार है : मुनिश्री**
- **पर्युषण पर्व का पहला दिन अट्ठम तप के रूप में मनाया**



ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर में गृर्भग्रह में भगवान की केसरपूजा करते श्रद्धालु।

तक हमारे द्वारा की गई प्रत्येक तपस्या निष्फल ही रहेंगी। उन्होंने कहा कि पर्युषण पर्व के आठों दिन हमें संयम का भाव जाग्रत करते हुए यथाशक्ति तप-जप और दान करना चाहिए। क्यों कि चौरासी लाख योनियो में मनुष्य भव की बडे सदकर्मो से हमें मिलता है। और उसमे भी हम जीव मात्र के प्रति दया का भाव जाग्रत नहीं करें तो हमारा जन्म ही अधूरा रह जाता है। उन्होंने इस अवसर पर प्राचीन मंदिरों के रख-रखाव के साथ साथ वहां पर धर्म आराधना के प्रति भी समाज के युवाओं व वरिष्ठ जनों को आव्हान किया कि वे इस दिशा में भी अपने भावों को बनाये रखे। उन्होंने इस अवसर पर अटठम तप की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

शनिवार को पहले दिन जिनालयों में पर्युषण पर्व आव्या रे तमे पुण्य करों पुण्यवन्त....के उदघोषों के साथ श्री जैन श्वेताम्बर संघ के आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व प्रारंभ हो गये। अल सुबह से ही जिनालयों में प्रभु दर्शन के साथ साथ सेवा पूजा व अन्य धार्मिक आयोजन दिन भर चलते रहे। जिसके चलते पूरा वातावरण धर्ममयी हो गया। जिले भर में पर्युषण महापर्व के तहत धर्म प्रेमियों ने धर्म आराधना की।

पर्युषण महापर्व के तहत प्रात: से ही जिनालयों में धर्म प्रेमियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था। इस अवसर पर घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर, फौज का बडला स्थित शांतिनाथ मंदिर, माणक चौक स्थित आदिनाथ मंदिर, बस स्टेण्ड स्थित नैमिनाथ मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित संभवनाथ मंदिर में भगवान का दुग्धाभिषेक, केसरपूजा आदि का श्रद्धालुओ ने लाभ लिया। इसके तहत आज बालक से लगाकर वृद्घ सभी श्वेत वस्त्र धारण कर मंदिरों की ओर रूख किया। पर्युषण पर्व का पहला दिन अट्ठम तप के रूप में मनाया गया। आज धर्मप्रेमियों ने उपवास रखें। तथा अपना कारोबार भी बंद रखा। शाम को उपाश्रय में प्रतिक्रमण किया गया। इसके पश्चात देवदर्शन कर भक्ति का आयोजन किया गया। पर्युषण पर्व की धूम जिले के पुनाली, बनकोडा, पूंजपुर,बडौदा, आसपुर, भबराना, माल बोडीगामा, वरदा में भी जारी है।

## पशु गणना आज से

**राजसमंद,** (निसं)। 21वीं पशु गणना 2024 के लिए जिले के पशुपालन विभाग में नियुक्त कार्मिकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला परिषद सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिला नोडल अधिकारी डॉ जगदीश जीनगर ने जिले में 17 पर्यवेक्षकों और 89 प्रगणकों को पशु गणना संबंधी जानकारी प्रदान की। गौरतलब है कि 1 सितंबर से 31 दिसंबर 2024 तक जिले में पशु गणना होनी है।

डॉ. जीनगर ने बताया कि पशु गणना के अंतर्गत सभी प्रगणक को को अलग-अलग गांव यथा पंचायत दी गई है जिसमें वह प्रत्येक घर में पशुओं की गिनती का कार्य करेंगे। इस गणना में पशुओं में गाय, भैंस, भेड, बकरी, ऊंट, घोडे तथा मुर्गियों आदि की गणनाएं ऑनलाइन होगी। इस गणना में प्रत्येक पशुपालक की पशुओं तथा उनके संबंध में जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस जानकारी में पशुपालक के पास कितने पशु हैं, पशुओं का बीमा हुआ या नहीं, प्रत्येक पशु की गणना नस्ल के हिसाब से की जाएगी जिससे अंदाजा लगाया जा सकेगा की जिले में किस-किस नस्ल के पशु पाले जाते हैं तथा किस-किस प्रकार के पक्षी जिसमें मुर्गियां, बतख आदि की गिनती की जाएगी। पशु गणना के अंतर्गत गौशालाओं में स्थित पशु, मंदिर, चर्च, धर्मशाला आदि में स्थित पशुओं की गिनती की जाएगी। साथ ही राजकीय संस्थानों में जो पशु होंगे उनकी भी गिनती की जाएगी।

डॉ. जीनगर ने बताया कि संपूर्ण राज्य में यह गणना 1 सितंबर से 31 दिसंबर तक की जाएगी। प्रशिक्षण में डॉ कुलदीप कौशिक, डॉ लोकेश छिपा ने पशु गणना से संबंधित समस्याओं के निदान के बारे में जानकारी प्रदान की।

# शंभू गहलोत बने माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष



राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की प्रदेश कार्यकारणी की आयोजित बैठक में राजसमंद जिलाध्यक्ष पद पर शंभू गहलोत को नियुक्त कर नियुक्ति पत्र सौंपते प्रदेश पदाधिकारी।

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान के विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष भी नए नियुक्त किए गए। इसी क्रम में माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली की अनुशंषा पर प्रदेश संगठन महामंत्री (मुख्यालय) भवानीशंकर माली ने राजसमंद निवासी और राजसमंद सब्जी मण्डी के अध्यक्ष शंभू गहलोत को राजसमंद माली महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। गहलोत महासभा के वर्तमान में जिला कार्यकारी अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। साथ ही गहलोत को अतिशीघ्र जिला कार्यकारिणी गठित करने का भी निर्देश दिया। गहलोत के जिलाध्यक्ष बनने पर राजसमंद माली समाज में हर्ष की लहर व्याप्त है। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली ने बताया कि बैठक में महासभा की सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया और राजस्थान के 50 जिलों सहित तहसील व गांवों में बसे माली समाज के अंतिम सदस्य तक सदस्यता अभियान चलाकर उन्हें महासभा से जोडने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश महामंत्री माली ने यह भी बताया कि सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में एक लाख सदस्य बनाये जाएंगे वहीं महिलाओं से सदस्यता शुल्क में 5० प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बैठक में जिलेवार कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। महासभा के कोषाध्यक्ष बहादूरमल सैनी ने लेखा-जोखा पेश किया। इस दौरान महाभा के संगठन महामंत्री मुख्यालय भवानीशंकर माली, महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अनुभव चंदेल, सैनी कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश सैनी, महासभा के संरक्षक विश्नाराम देवडा, सेवाराम दगदी, विधि सलाहकार ग्यारसीलाल सैनी, अनुकूल सैनी, रामप्रताप सैनी, राजसमंद जिले के महासभा जिला उपाध्यक्ष कैलाश माली आदि मौजूद रहे।